मुख्यमंत्री का ब्लॉग...

# महिला सशक्तिकरणः विकसित राष्ट्र के विकास का आधार स्तम्भ

**भोपाल। नारी अस्य समाजस्य कुशलवास्तुकारा अस्ति। नारी समाज की आदर्श शिल्पकार है, भारतीय दर्शन का यह उल्लेख नारी शक्ति और निर्माण का आह्वान है।**

भारत में नारी सदैव अग्रणी रही है, प्रथमा रही है। मातृशक्ति को आदि शक्ति माना जाता है। हमारी परंपरा, संस्कृति और चिंतन में नारी का सम्मान रहा है। यह हमारे लिये गौरव की बात है कि पूरे संसार ने महिला सशक्तिकरण को स्वीकार किया और 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर मैं नारी शक्ति और उनकी उपलब्धियों का अभिनंदन करता हूँ। विश्व पटल पर यह दिन चर्चा का विषय हो सकता है, लेकिन देश में हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के मार्गदर्शन में महिला सशक्तिकरण का संकल्प कार्य रूप में परिणित किया जा रहा है। मध्यप्रदेश में महिला सशक्तिकरण के लिये कई नवाचार हुए और अनेक योजनाओं को धरातल पर उतारा गया। इन योजनाओं का अनुकरण अन्य प्रांतों ने भी किया। इस तरह मध्यप्रदेश, देश में महिला सशक्तिकरण के लिए अग्रणी प्रांत बन गया। प्रधानमंत्री ने हमें विकास के साथ विरासत का सूत्र दिया है। भारत की वैचारिक विरासत नारी सम्मान की रही है।यदि सामाजिक वातावरण में मर्यादा होगी, नारी सम्मान होगा तो अपराध अपने-आप कम हो जायेंगे और नारी स्वयमेव सुरक्षित हो जाएगी। इसीलिए भारतीय संस्कृति में नारी सम्मान को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। अपनी संस्कृति और परंपरा के अनुरूप हमने प्रदेश में आध्यात्मिक स्थलों की पवित्रता और नारी सम्मान के लिये 19 स्थानों को नशामुक्त करने का निर्णय लिया है। इससे हमारे धार्मिक स्थलों की पवित्रता बनी रहेगी, नैतिक मूल्यों को मजबूती मिलेगी, घरेलू हिंसा में नियंत्रण के साथ महिलाओं के सामाजिक तथा आर्थिक सशक्तिकरण को बल मिलेगा। मुझे उम्मीद है कि शराबबंदी से आध्यात्मिक स्थलों की पवित्रता के साथ महिलाओं के सम्मान को लेकर सकारात्मक बदलाव आयेगा।



प्रधानमंत्री श्री मोदी के मार्गदर्शन में भारत विकास की नई करवट ले रहा है। प्रधानमंत्री ने वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्रों की श्रेणी में अग्रणी बनाने के लिए ज्ञान के सम्मान का मंत्र दिया है। इसके अंतर्गत गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी को सशक्त, समृद्ध और आत्मनिर्भर बनाना है। विकास के आधार स्तम्भ में से एक, महिलाओं के समग्र सामाजिक-आर्थिक विकास और विमेन लीड डेवलपमेंट के प्रयास को समन्वित रूप से लागू करने के लिए प्रदेश में पहली बार देवी अहिल्या नारी सशक्तिकरण मिशन शुरू किया गया है। मिशन के प्रमुख उद्देश्यों में महिलाओं और बालिकाओं की शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, आर्थिक विकास, सुरक्षा, विभिन्न शासकीय सेवाओं की पहुँच में सुनिश्चितता, महिलाओं के आर्थिक स्वावलम्बन और समाज में आर्थिक भागीदारी बढ़ाने के लिए एकीकृत प्रयास शामिल हैं। नारी शक्ति मिशन के तहत बालिका शिक्षा, स्वास्थ्य, लाड़ली लक्ष्मी योजना, लाड़ली बहना योजना, लखपति दीदी योजना, महिला स्व-सहायता समूहों के सशक्तिकरण आदि कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ किये जा रहे हैं।

भारतीय जीवनशैली में महिलाओं की भूमिका सदैव अग्रणी रही है। हम जितने अधिक अवसर बहन-बेटियों को देंगे, सुविधाएँ देंगे तो वे समाज को कई गुना लौटाकर देंगी। महिला शक्ति से देश नई ऊँचाई तक पहुँच सकता है। ग्रामीण अर्थव्यवस्था में महिलाओं की भूमिका महत्वपूर्ण है। समय के साथ शिक्षा, तकनीक और अन्य क्षेत्रों में उनकी भूमिका बढ़ रही है। श्री मोदी ने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, कौशल विकास के माध्यम से महिलाओं को प्रोत्साहित करने का आह्वान किया जिससे महिलाओं की भूमिका न केवल परिवार और समाज के विकास में अग्रणी रहे, अपितु विकसित भारत अभियान में भी उनकी सहभागिता हो। प्रधानमंत्री जी ने आवास, उज्ज्वला, आयुष्मान, मातृ वंदना, महिला स्व-रोज़गार, सुकन्या समृद्धि आदि योजनाओं की श्रृंखला से महिलाओं के समग्र विकास को सुनिश्चित किया है। मेरा मानना है कि नारी का गौरव राष्ट्र के सपने पूरे करने में बड़ी भूमिका निभाएगा।

मुझे यह बताते हुए संतोष है कि विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं के सम्मान और सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने जनप्रतिनिधित्व में एक-तिहाई महिलाओं को शामिल किया है। मध्यप्रदेश, देश का पहला ऐसा राज्य है जिसमें शासकीय सेवाओं में महिलाओं के लिए आरक्षण 33 प्रतिशत से बढ़ाकर 35 प्रतिशत कर दिया है। प्रदेश में लाडो अभियान, शौर्या दल, मुख्यमंत्री महिला सशक्तिकरण योजना, मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं। बहनों के मान-सम्मान और स्वाभिमान के लिये लाड़ली बहना योजना से महिलाओं को और सैनिटेशन एवं हाइजीन योजना से प्रदेश की 19 लाख बालिकाओं को आर्थिक संबल दिया है। मध्यप्रदेश में किशोरियों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए किए जा रहे प्रयासों की यूनिसेफ ने सराहना की है। प्रदेश में नए-नए उद्योग आ रहे हैं, इनमें महिलाओं को बड़ी संख्या में रोज़गार मिल रहा है। रेडीमेड गारमेंट उद्योग में कार्य करने वाली बहनों को प्रोत्साहन राशि प्रदान की जा रही है। हम हाल ही में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में 18 नीतियाँ लेकर आये हैं। इनमें एमएसएमई विकास नीति में महिला उद्यमी इकाई को विशेष लाभ का प्रावधान है। ड्रोन संवर्धन नीति में हमारी ड्रोन दीदी योजना अधिक विस्तारित होगी। हमारी स्व-सहायता समूह की बहनें माननीय प्रधानमंत्री के लोकल से ग्लोबल के लक्ष्य को धरातल पर उतार रही हैं। प्रदेश में लगभग पाँच लाख से अधिक स्व-सहायता समूह की महिलाओं ने स्वावलंबन का जनांदोलन खड़ा कर दिया है। प्रदेश की बीपीएल श्रेणी की 4 लाख से अधिक महिलाएँ लखपति दीदी बन गई हैं। मध्यप्रदेश में महिलाओं के लिए किये जा रहे प्रयासों का परिणाम है कि प्रदेश में महिला सशक्तिकरण के नये आयाम विकसित हुए हैं। वे सशक्त, समृद्ध और स्वावलंबी होकर आत्मनिर्भर हो रही हैं। प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में महिला सशक्तिकरण के लिए जो कदम उठाये जा रहे हैं, मुझे पूरी उम्मीद है कि इससे बेटा-बेटी, महिला-पुरुष के बीच का भेदभाव समाप्त होगा। महिलाओं के सम्मान और सुरक्षा के लिए समाज, सरकार और कानून सभी का समान रूप से सहयोग आवश्यक है तभी हम बेहतर समाज का निर्माण कर सकते हैं। मैं प्रदेश की सभी बहनों को यह विश्वास दिलाता हूँ कि मध्यप्रदेश सरकार और उनका भाई उनके साथ है। व्यक्ति, परिवार और समाज निर्माण के केन्द्र में नारी है। इसीलिए प्रधानमंत्री जी ने विकसित भारत निर्माण के लिए महिला स्वावलंबन और सम्मान की बात कही है। उन्होंने विश्व में भारत को सर्वश्रेष्ठ स्थान पर प्रतिष्ठित करने का जो संकल्प लिया है, यह तभी संभव है जब भारत का हर वर्ग, हर क्षेत्र आत्मनिर्भर और सशक्त होगा। जब नारी मानसिक, बौद्धिक और आर्थिक रूप से सशक्त होगी, समृद्ध होगी, आत्मनिर्भर होगी तभी परिवार, समाज, प्रदेश और राष्ट्र सशक्त बनेगा। आइये, हम सब अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर नारी को सशक्त बनाने का संकल्प लें। इस संकल्प के क्रियान्वयन से ही अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का दिन सार्थक होगा।

## शहर के 10 प्रमुख स्थानों पर कपड़े के थैले की एटीएम मशीनें स्थापित



**भोपाल (काप्र)।** महापौर श्रीमती मालती राय ने शहर को सिंगल यूज प्लास्टिक फ्री शहर बनाने के लिए एक अभिनव पहल करते हुए शहर के 10 प्रमुख स्थानों में जना बैंक के सहयोग से कपड़े के थैले की एटीएम मशीन को स्थापित कराया है। महापौर श्रीमती मालती राय ने निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी के साथ क्वालिटी रेस्टोरेंट के समीप स्थापित कपड़े के थैले की ए.टी.एम मशीन का शुक्रवार को शुभारंभ किया। इन कपड़े के थैले की एटीएम मशीनों में 10 रुपये का सिक्का डालकर थैले प्राप्त कर सकेंगे। इस अवसर पर अपर आयुक्त स्वास्थ्य देवेन्द्र सिंह चौहान, जोन अध्यक्ष श्रीमती आरती अनेजा एवं श्रीमती बृजुला सचान, जना स्माल फाईनेंस बैंक के रीजनल मैनेजर प्रत्यूश शुक्ला एवं बैंक मैनेजर प्रदीप पांडे, न्यू मार्केट व्यापारी संघ के अध्यक्ष नानक सिंह दुआ उपस्थित थे। शहर के 10 स्थानों बोट क्लब-ज़ोन 21, संजोग अपार्टमेंट, कोलार रोड-जोन 18, प्रगति पेट्रोल पंप एम.पी. नगर जोन-10, बिट्टन मार्केट-जोन 10, दस नंबर मार्केट-जोन 10, बजरंग चौक, न्यू मार्केट-जोन 21, क्वालिटी रेस्ट्रॉरेंट न्यू मार्केट-जोन 21, यूएडीडी के सामने-ज़ोन 8, चंचल स्वीट्स-जोन 01 तथा विजय मार्केट- जोन 14 में कपड़े के थैले की एटी.एम मशीनों का शुभारंभ किया गया। नागरिकगण व्यवसायिक क्षेत्र में सामग्री क्रय के लिए इन ए.टी.एम मशीनों में 10 रुपये का सिक्का डालकर कपड़े का थैला प्राप्त कर सकेंगे और शहर को सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग से मुक्त करायेंगे।

## रणनीतिक पूर्वानुमान और आगामी प्राथमिकताएं पर आयोजित प्रथम क्षेत्रीय सम्मेलन आज

**भोपाल (काप्र)।**

महिला सुरक्षा शाखा एवं यू.एन.विमन द्वारा संयुक्त रुप से आज शनिवार को को सुरक्षित शहर एवं सार्वजनिक स्थलः रणनीतिक पूर्वानुमान और आगामी प्राथमिकताएं पर प्रथम क्षेत्रीय सम्मेलन का आयोजन आरसीवीपी नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी में किया जाना है।

उक्त सम्मेलन में प्रदेश के इन्दौर/ भोपाल/ उज्जैन /जबलपुर/ नर्मदापुरम/ ग्वालियर एवं सागर जोन के पुलिस महानिरीक्षक, प्रशिक्षु उप पुलिस अधीक्षक, समस्त जोन से निरीक्षक/उप निरीक्षक, जनसाहस, संगिनी, उदय, आरंभ, चैतन्य, आवाज, आई.जे.एम. एवं आस स्वयंसेवी संस्थान के कार्यकर्ता, पर्यटन विभाग, ग्रामीण आजीविका मिशन, शहरी आजीविका मिशन एवं मुख्यमंत्री कार्यालय के प्रतिभागी भाग लेगें।

सम्मेलन में सुरक्षित शहर एवं सार्वजनिक स्थल विषय पर सुश्री सोनाली मिश्रा अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक प्रशिक्षण, शिव शेखर शुक्ला प्रमुख सचिव पर्यटन, यू.एन. विमन से सुश्री कांता सिंह (उप प्रतिनिधि) भारत, सुश्री श्रबना दत्त (प्रोग्राम कोर्डिनेटर) बांग्लादेश, केथरिन ट्रेवर्स (नीति विशेषज्ञ) न्यूयोर्क, सुश्री फॉग ली (प्रोग्राम विशेषज्ञ) वियतनाम, सुश्री मोक्षदा सलाहकार (विमन राइट्स) मोरीशस, सुश्री जेन टाउंसली (वरिष्ठ नीति सलाहकार) यूके एवं द्वारा चर्चा की जाएगी। चर्चा के दौरान दिये गये सुझाव/अनुशंसाओं को नीतिगत निर्णय हेतु शासन को भेजा जाएगा। कार्यकम का समापन जे.एन. कंसोटिया अपर मुख्य सचिव द्वारा किया जाएगा।



भोपाल। अरेरा क्लब में इन्द्रा क्लब टेनिस टूर्नामेंट खेला जा रहा है जिसमें कि वेटरन (65+) के फाईनल मैच खेले गए । सिंगल्स में प्रदीप शर्मा ने सुरेन्द्र सिंह को 6-4, 6-3 से सीधे सेटों में हराया । वेटरन डबल्स के फाईनल मैच में प्रदीप शर्मा व व्हीके मिश्रा की जोड़ी ने सुरेन्द्र सिंह व व्हीके वर्मा की जोड़ी को 7-6, 6-0 से शिकस्त दी। प्रदीप शर्मा को दोहरी सफलता प्राप्त हुई। वहीं ओपन सिंगल्स में आज खेले गए सेमी फाईनल में यश विद्यार्थी ने मनोज कुकरेजा को 9-4 से शिकस्त देकर फाईनल में प्रवेश किया। ओपन सिंगल्स का फाईनल मैच 9 मार्च को मोहित गर्ग व यश विद्यार्थी के बीच खेला जाएगा।

## शिव का अभिषेक होगा गुलाल एवं अबीर से

**भोपाल (हिनप्र)।** बजरंग सेना समिति द्वारा 9 मार्च को प्रातः 10 बजे थानेश्वर मंदिर संतनगर में भोले बाबा का गुलाल एवं अबीर से अभिषेक किया जाएगा। समिति अध्यक्ष कमलेश देवानी व राजकुमार गर्ग ने बताया कि अबीर और गुलाल से अभिषेक करने से सौभाग्य और समृद्धि बढ़ती है। ऐसा माना जाता है अबीर का इस्तेमाल पूजा-पाठ त्योहारों और विवाह समारोहों में किया जाता है।

## राष्ट्रीय मानव संग्रहालय में विशेष कार्यक्रम

**भोपाल।** राष्ट्रीय मानव संग्रहालय में कला, संस्कृति और इतिहास में महिलाओं की भूमिका को सम्मानित करने के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। सुबह 9ः00 बजे डॉ. मीनाक्षी पाठक दुबे द्वारा रॉक आर्ट हेरिटेज की ओपन-एयर प्रदर्शनी का निर्देशित दौरा होगा। इसके बाद, शाम 4.00 बजे रॉक आर्ट कॉन्फ्रेंस हॉल में फ्रांस की गुफा कला का परिचय विषय पर व्याख्यान होगा।


**M.P. MADHYA KSHETRA VIDYUT VITARAN CO. LTD.**
(A Govt. of M.P. Undertaking)
Office of Dy. General Manager (City) Division, Kolar
B.D.A. Colony 33/11 KVA S/s Salaiya Bhopal, E-mail : kolardivmpcz@gmail.com
No. : 4864 Kolar, Dated : 06.03.2025

**OFFER FOR HIRING VEHICLE**

MPMKVVCL hereby invited offer/rate for hiring the below mentioned type of vehicle in the following locations.

| Name of Unit/Office | Particulars | Due date of submission of offer | Opening Date & Time |
|---|---|---|---|
| Manager Bairagarh Chichli Zone Under City Division M.P.M.K.V.V.C.L. Kolar | Type 'D' Mini Truck (1.5 - 2.0 metric ton) | 20.03.2025 Up to 1:30 PM | 20.03.2025 at 3:00 PM |

Other details, terms and conditions are available on Company website : **https://portal.mpcz.in** or the under signed office.
M.P. Madhyam/119121/2025 DGM (CITY) DIVISON, KOLAR


## सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच मना डीडी प्ले स्कूल का वार्षिकोत्सव

**भोपाल (हिनप्र)।** वन ट्री हिल्स स्थित डीडी प्ले स्कूल का वार्षिकोत्सव सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच मनाया। कार्यक्रम की शुरूआत गणेश वंदना के साथ हुई। नन्हे-मुन्ने बच्चों ने आहा टमाटर, लकड़ी की काठी की प्रस्तुति दी। अयोध्या मंदिर श्रीरामजी ने कार्यक्रम को उंचाइयां दीं। संस्था के अध्यक्ष विष्णु गेहानी ने अभिभावकों को बच्चों की देखरेख करने के बारे में बताया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की सदस्या डॉ निशा सक्सेना ने बच्चों के बाल अधिकार के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि विद्यालय ही बच्चों की सफलता की प्रथम सीढ़ी होता है। यहां बच्चों को शिक्षा के साथ संस्कार दिए जाने चाहिए। कार्यक्रम में नवयुवक सभा के संरक्षक वासदेव वाधवानी, सुरेश राजपाल व प्रिंसिपल ज्योति चौहान व सिंधू मिडिल की प्रिया धरमदासनी शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन काजल मोरंदानी और आभार प्रदर्शन हेमलता संगतानी ने किया।


**कार्यालय नगर पालिक निगम,भोपाल जोन क्र.15 यांत्रिकविभाग**

क्रमांक 97/यॉ.वि./2025 **द्वितीय निविदा आमंत्रण घोषणा पत्र** दिनांक 7/3/2025

निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु दो लिफाफा पद्धति के अनुसार म.प्र. लोक निर्माण विभाग में केन्द्रीयकृत व्यवस्था के अंतर्गत पंजीकृत ठेकेदार पर्सेंटेज मोहर बंद निविदाये निर्धारित प्रपत्र पर ऑनलाईन आमंत्रित की जाती हैं।

| क्र. | ऑनलाइन निविदा क्र | कार्य का नाम | अनुमानित राशि | धरोहर राशि | प्रपत्र राशि | कार्य हेतु निर्धारित SOR | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_UAD _ 402735_2 | ASPALTING OF ROAD WORK FROM RAJAT NAGAR PARK TO LAXMI NAGAR CULVERT W. 67, Z-15. | 10,98,843/- | 8,241/- | 2000/- | MPUADD ISSR 2021 | 2 Months |
| 2 | 2025_UAD_ 401186_2 | REPAIRING AND PAINTING WORK OF RAJPUT SAMAJ COMMUNITY HALL AT NARELA SHANKARI W. No. 64, Z-15 | 1,17,920/- | 2,358/- | 1000/- | MPUADD ISSR 2021 | 01 Months |
| 3 | 2025_UAD_ 402425_2 | PROVIDING AND FIXING OF M.S. BENCHES AND OTHER WORKS AT PARKS UNDER W. No. 64, Z-15 | 2,39,857/- | 2,399/- | 2000/- | MPUADD ISSR 2021 | 1 Months |

1. निविदा प्रपत्र की निर्धारित राशि, धरोहर राशि एवं अन्य आवश्यक दस्तावेज ऑनलाइन प्रस्तुत करने होंगे एवं अन्य समस्त विस्तृत जानकारी www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. किसी भी निविदा को स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का अधिकार विभाग के पास सुरक्षित होगा।

**नि. क्र. 1450/024/025** **सहायक यंत्री, सिविल, नगर पालिक निगम, भोपाल**



**कार्यालय नगर पालिका परिषद शाजापुर म.प्र.**

क्रमांक/निर्माण शाखा/2025/756 शाजापुर, दिनांक 07.03.2025

**// ई-निविदा आमंत्रण - सूचना //**

निम्नलिखित कार्य हेतु केंद्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदार से आनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेंडर क्र. जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य अमानत राशि (रुपये में) | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 2025_UAD_407070_1 06-03-2025 | वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए भवन पुताई कार्य हेतु निविदा। | 01. 12 माह 02. 30.00 (लाख में) | 01. 5,000.00 02. 22,500 | 05.04.2025 05:30 PM |
| 02 | 2025_UAD_407076_1 06-03-2025 | वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए नगर के विभिन्न वार्डों में भवनों/ नाली/सी.सी.रोड़ की मरम्मत कार्य हेतु निविदा। | 01. 12 माह 02. 30.00 (लाख में) | 01. 5,000.00 02. 22,500 | 05.04.2025 05:30 PM |
| 03 | 2025_UAD_407494_1 06-03-2025 | वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए नगर के विभिन्न वार्डों में हार्ड मुरम, चुरी, हुम पाईप एवं जाले आदि लगाने हेतु निविदा। | 01. 12 माह 02. 35.00 (लाख में) | 01. 5,000.00 02. 26,500 | 05.04.2025 05:30 PM |
| 04 | 2025_UAD_303652_1 06-03-2025 | वार्ड क्र.07 में आजम हेड साहब के घर से लेकर कदिर भाई के घर तक नाली निर्माण। | 01. 03 माह 02. 7.90 (लाख में) | 01. 2,000.00 02. 7,906 | 21.03.2025 05:30 PM |
| 05 | 2025_UAD_407270_1 06-03-2025 | वार्ड क्र.09 में विभिन्न स्थानों पर सी.सी.रोड़ निर्माण कार्य। | 01. 03 माह 02. 38.20 (लाख में) | 01. 5,000.00 02. 28662 | 05.04.2025 05:30 PM |
| 06 | 2025_UAD_407175_1 06-03-2025 | वार्ड क्र.11 में विभिन्न स्थानों पर सी.सी.रोड़ निर्माण कार्य। | 01. 03 माह 02. 27.07 (लाख में) | 01. 5,000.00 02. 20305 | 05.04.2025 05:30 PM |
| 07 | 2025_UAD_407190_1 06-03-2025 | वार्ड क्र.12 में विभिन्न स्थानों पर सी.सी.रोड़ एवं आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य। | 01. 03 माह 02. 34.47 (लाख में) | 01. 5,000.00 02. 25860 | 05.04.2025 05:30 PM |
| 08 | 2025_UAD_407316_1 06-03-2025 | वार्ड क्र.14 में श्री मनोज वर्मा के घर से श्री अजय यादव के घर तक आर.सी.सी. नाला मय स्लेब निर्माण कराने बाबत्। | 01. 03 माह 02. 10.74 (लाख में) | 01. 2,000.00 02. 8055 | 05.04.2025 05:30 PM |
| 09 | 2025_UAD_40298_1 06-03-2025 | वार्ड क्र.18 में विभिन्न स्थानों पर सी.सी.रोड़ निर्माण कार्य। | 01. 03 माह 02. 16.77 (लाख में) | 01. 5,000.00 02. 12582 | 05.04.2025 05:30 PM |
| 10 | 2025_UAD_407091_1 06-03-2025 | सांसद निधि अंतर्गत श्री सेकवाल ब्राह्मण समाज शाजापुर में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य। | 01. 03 माह 02. 04.80 (लाख में) | 01. 2,000.00 02. 4800 | 21.03.2025 05:30 PM |

प्रेम जैन, अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद शाजापुर
पं. संतोष जोशी, उपाध्यक्ष, नगर पालिका परिषद शाजापुर
कौशल बंटी कसेरा, सभापति लोक निर्माण, उद्यान, विद्युत एवं यांत्रिकी विभाग, नगर पालिका परिषद शाजापुर
मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद शाजापुर

नोट : निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जावेगा।



**चाणक्यपुरी गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्या. भोपाल**
चाणक्यपुरी, चूनाभट्टी, कोलार रोड, भोपाल (म.प्र.)
प.क्र.-डी.आर.बी./266, दिनांक 29/09/1981

क्रमांक- चा.गृ.नि./25/4 भोपाल, दिनांक 05 मार्च 2025

चाणक्यपुरी गृह निर्माण समिति की चाणक्यपुरी कालोनी के निम्न कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है:-
(1) सामुदायिक भवन में सीसीटीवी:- 4 कैमरे हाल में, 2 कैमरे भवन की बाहरी दिवार पर, 1 कैमरा किचन कक्ष में। चाणक्यपुरी कालोनी के बी-सेक्टर व सी-सेक्टर में:- 2 कैमरे बी-सेक्टर, 1 कैमरा सी-सेक्टर।
(2) रंगाई पुताई:- निविदा आवेदन में दर्शाये अनुसार कालोनी के सामुदायिक भवन की बाउंड्री वाल अंदर बाहर से स्नोसम व वेदर शील्ड, उद्यान क्रमांक 1 की रंगाई पुताई। उद्यान क्रमांक 2 की पम्प हाउस, चौकीदार हट, पेवर ब्लाक, सम्पवेल की पुताई, बाउंड्री व दरवाजों की पुताई। (3) चाणक्यपुरी कालोनी के कार्यालय हेतु वार्डरोब एवं सामुदायिक भवन में योग कक्ष हेतु वार्डरोब। (4) चाणक्यपुरी सामुदायिक भवन में साउंड सिस्टम।
उपरोक्त समस्त कार्य हेतु निविदा के कार्यो की जानकारी कार्यालय से प्रातः 10 से 11 एवं सायंकाल 4 से 6 में प्राप्त कर निविदा आवेदन प्राप्त कर सकते है। निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 15 मार्च 2025 को सायंकाल 5 बजे तक रहेगी।

अध्यक्ष
चाणक्यपुरी गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्या. भोपाल मो.: 9425016849

3790



**आम सूचना**

**पुत्री से संबंध विच्छेद कर बेदखल किए जाने के सम्बंध में**

मैं अपने पक्षकार श्री संतोष शर्मा पुत्र श्री जुगल किशोर शर्मा आयु 43 वर्ष, हाल निवासी-म.नं. 287, प्रताप नगर कालोनी, विदिशा रोड, भोपाल म.प्र. की ओर से सर्वसाधारण को सूचित करता हूॅ कि उन्होने अपनी पुत्री वैशाली शर्मा आयु 19 वर्ष को उसके द्वारा मेरे पक्षकार एवं उनके अन्य परिजनों के साथ असभ्य आचरण एवं अभद्रतापूर्ण व्यवहार करने, प्रताड़ित करने, बदतमीजी करने तथा अन्यत्र समाज में भागकर और बिना सहमति के विवाह कर लिये जाने के कारण मेरे पक्षकार व उसके परिवार की सामाजिक व पारिवारिक मानप्रतिष्ठा धूमिल होने के कारण पुत्री से अपने रिश्ते समाप्त घोषित कर सम्बंध विच्छेद कर लिए है, एवं पुत्री सम्बंधी समस्त अधिकारो से वंचित कर उन्हें अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। अब मेरे पक्षकार व उनके परिवार के अन्य सदस्यों का उपरोक्त वैशाली शर्मा से कोई सम्बधं/रिश्ता नही रहा है। अतः यदि कोई भी व्यक्ति उपरोक्त वैशाली शर्मा से कोई सम्बंध रखता है, या लेन-देन करता है तो वह मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगा एवं सम्बंधित व्यक्ति स्वयं जिम्मेदार एवं जवाबदार होगा।

**कौशलेश पाठक, अधिवक्ता**
म.नं. 54, शिव नगर कालोनी, विदिशा रोड, भोपाल म.प्र.
मो. 9981773157, 7223990066

3794



**न्यायालय श्रीमान् प्रथम अति. जिला न्यायाधीश के तृतीय अति. जिला न्यायाधीश, भोपाल (म.प्र.)**
एम. जे. सी. /30/2025
पेशी दिनांक15.4.2025

**विवादों के स्थिरीकरण के लिए समन्स**

हरदीप कौर जज उर्फ मीना आत्मजा स्व. श्री के.एस. जज, आयु लगभग 52 वर्ष, मानसिक विच्छिप्त द्वारा भाई एवं प्राकृतिक संरक्षक श्री बलदीप सिंह जज आत्मज श्री के.एस.जज, निवासी ई-7, एच.आई.जी. 453, अरेरा कॉलोनी, भोपाल ( म.प्र.)
आवेदिका **विरूद्ध**
सर्वसाधारण **अनावेदक**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता जाता है कि आवेदिका हरदीप कौर जज उर्फ मीना आत्मजा स्व. श्री के.एस. जज, आयु लगभग 52 वर्ष, निवासी-ई-7, एच.आई.जी. 453, अरेरा कॉलोनी, भोपाल ( म.प्र.) द्वारा इस न्यायालय में उनके भाई एवं प्राकृतिक संरक्षक श्री बलदीप सिंह जज आत्मज श्री के.एस. जज, को उनका संरक्षक घोषित किये जाने के आदेश पारित करने हेतु यह आवेदन प्रस्तुत किया गया है, जिसकी सुनवाई दिनांक 15.04.2025 को नियत है। यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में किसी प्रकार का कोई हित है अथवा आपत्ति है तो पेशी दिनांक 15.04.2025 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहे। सूचना उपरांत यदि अनुपस्थित रहें तो प्रकरण की सुनवाई एक पक्षीय की जाकर, प्रकरण का निराकरण किया जायेगा। आज दिनांक 4. 3. 2025 को मेरे हस्ताक्षर से एवं न्यायालय की पदमुद्रा लगाकर जारी किया।

**अजय नील करोठिया**
प्रथम अति. जिला न्यायाधीश के तृतीय अति. जिला न्यायाधीश, भोपाल (म.प्र.)

3793



**जाहिर सूचना**

**(एक किता भूखंड क्रमांक 06 जो खसरा क्रमांक 171/2/ख/1, का अंश भाग होकर अविकसित स्थित ग्राम लाम्बाखेड़ा, प.ह.नं. 11 तहसील हुजूर जिला भोपाल म.प्र. में नगर निगम सीमा के अंदर वर्तमान वार्ड नं. 79 में स्थित है, जिसका कुल क्षेत्रफल 1000 वर्गफिट अर्थात् 92.93 वर्गमीटर के संबंध में)**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार क्रेता श्री मनीष चौहान आ. स्व. श्री सरदार सिंह आयु-44 वर्ष, निवासी- म.नं. 278, कृषक नगर न्यू जेल रोड़ करोंद भोपाल म.प्र. के द्वारा विक्रेता श्री रामबाबू आ. श्री गन्दूलाल आयु लगभग -45 वर्ष, निवासी-म.नं 10/5, ईदगाह हिल्स पुलिस लाईन कैंसर अस्पताल के भोपाल म.प्र. से उनके स्वामित्व एवं अधिपत्य का एक किता भूखंड क्रमांक 06 जो खसरा क्रमांक 171/2/ख/1, का अंश भाग होकर अविकसित स्थित ग्राम लाम्बाखेड़ा, प.ह.नं. 11 तहसील हुजूर जिला भोपाल म.प्र. में नगर निगम सीमा के अंदर वर्तमान वार्ड नं. 79 में स्थित है, जिसका कुल क्षेत्रफल 1000 वर्गफिट अर्थात् 92.93 वर्गमीटर है जिसकी चतुर्थ सीमाएं इस प्रकार हैं:- दिशा पूरब में- 20 फिट चौड़ा रोड, दिशा पश्चिम में अन्य की संपत्ति, दिशा उत्तर में- प्लाट क्रमांक 07, दिशा दक्षिण में-प्लाट क्रमांक 05 को क्रय करने हेतु मेरे पक्षकार के द्वारा विक्रेता से विकय अनुबंध पत्र का निष्पादन कर बयाना राशि का भुगतान किया गया है इस संबंध में किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक व अन्य को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो या उक्त संपत्ति कही अन्य दान, हिंबा, हस्तांतरण, आदि हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 7 दिवस के अंदर मेरे कार्यालय में मय दस्तावेजों के लिखित आपत्ति प्रस्तुत करे अन्यथा समयावधि पश्चात् मेरे पक्षकार उपरोक्त संपत्ति को क्रय करने के संबंध में शेष राशि का भुगतान विक्रेता को अदा कर विक्रय पंजीयन पत्र निष्पादित करवा लेगा और ऐसी स्थिति कोई भी आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधन कारी नहीं होगी।

**Upendra Kumar Sharma (Advocate)**
171 Komal Complex, Near DIG Bungalow Berasia Road
Bhopal: 462038 Mob: 9617234005

3792



**मूल विक्रय पत्र गुम हो जाने की सूचना के संबंध में**
**(भूखण्ड नं. टी- 05, इन्द्रप्रस्थ कालोनी, नयापुरा, भोपाल म.प्र.)**

मेरे पक्षकार श्री परमानंद जनयानी आत्मज श्री मिर्चूमल जनयानी निवासी टी-05, इन्द्रप्रस्थ कालोनी, सनसिटी कालोनी, एयरपोर्ट रोड, नयापुरा, भोपाल म.प्र. के निर्देशानुसार सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है मेरे पक्षकार के स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य का एक किता आवासीय भूखण्ड नं. टी-5, क्षेत्रफल 1501.58 वर्गमीटर स्थित परिवेश गृह निर्माण सहकारी समिति मर्यादित द्वारा विकसित इन्द्रप्रस्थ कालोनी, ग्राम नयापुरा, भोपाल नगर निगम की सीमाओं में वार्ड नं. 01/06 में है, जिसका इन्द्राज उप पंजीयक भोपाल में ई पंजीकरण संख्या एमपी 059692016ए1145149 दिनांक 14.03.2016 पर दर्ज है। उपरोक्त वर्णित सम्पत्ति की मूल रजिस्ट्री लालघाटी की तरफ जाते समय मेरे पक्षकार से कहीं रास्ते में गुम हो गया है। जो काफी तलाशने के बावजूद भी नहीं मिल पायी है। जिसके संबंध में मेरे पक्षकार ने संबंधित थाना कोहेफिजा में सूचना दिनांक 06.03.2025 को दे दी है। अतः उपरोक्त सम्पत्ति के मूल दस्तावेज यदि किसी सज्जन को प्राप्त होते है/हुए है तो वह मेरे कार्यालय में तुरन्त सम्पर्क करें या फोन द्वारा सूचित करें। इस संबंध में सूचना देने वाले व्यक्ति का जो भी व्यय होगा वह मेरे पक्षकार द्वारा अदा किया जायेगा।

**इन्द्र कुमार दीनानी, अधिवक्ता**
39, भवानी चौक, पीरगेट भोपाल
मो. नं. 9755474700

3791